Government of **Western Australia**
North Metropolitan Health Service
Women and Newborn Health Service

# आपके शिशु की मृत्यु के बाद

## माता-पिता के लिए जानकारी

आपके लिए यह पत्रक ऐसे समय के लिए बनाया गया है जब आप कई तरह की भावनाओं का सामना कर रही हैं और महत्वपूर्ण व अप्रत्याशित निर्णय लेने की कोशिश कर रही हैं।

KEMH के कर्मी आपकी हानि के प्रति संवेदनशील हैं और आपको सांत्वना देते हैं। हम आपको जानकारी उपलब्ध कराके आपकी सहायता करना चाहते हैं, ताकि हमारी देखभाल के दृष्टिकोण को समझने में आपको मदद मिल पाए तथा साथ ही हम आपको व आपके परिवार को सांत्वना व समर्थन दे पाएँ।

जल्दीबाजी में निर्णय लेने की आवश्यकता नहीं है। आपके साथ उपस्थित रहने के लिए आपके सहजीवी या निकट संबंधी का स्वागत है। आप संबंधियों और/या मित्रों को बुला सकती हैं, ताकि वे आपको और आपके शिशु को देख सकें तथा साथ में समय बिता सकें।

यादें बहुमूल्य होती हैं और हम परिवारों को अपने शिशु के साथ समय बिताकर यादें बनाने में समर्थन देते हैं। यह एक नई तरह का और भावुक अनुभव हो सकता है, तो कृपया किसी भी समय अपना मन बदलने के लिए सहज महसूस करें। शिशु के जन्म के तुरंत बाद कर्मी आपके शिशु की तस्वीरें खींचेंगे, और यदि आप चाहें तो वे उसे नहलाने, उसका भार नापने और उसे कपड़े पहनाने में सहायता दे सकते हैं।

आपके शिशु की यादगारें, जैसे हाथ के निशान और पदचिह्न, कॉट कार्ड और नामबैंड एकत्र करके आपको दिए जाएँगे। हम आपके शिशु के लिए कंबल और कपड़े भी उपलब्ध कराएँगे, या फिर आप स्वयं अपनी ओर से कपड़ों का प्रयोग कर सकती हैं। अपने शिशु को नाम देना और परिवार के साथ तस्वीरें खींचना भी आपके और आपके परिवार के लिए बहुमूल्य यादगारें बन सकती हैं।

## आपकी देखभाल टीम

| | |
|---|---|
| Perinatal Loss Service<br>(08) 6458 2222<br>पेज 3430 या<br>(08) 6458 2128<br>मो: 0416019020 | मिडवाइफ समन्वयक आपके शिशु के जन्म के छह से आठ सप्ताह बाद आपके लिए Perinatal Loss Clinic में एक आउटपेशेंट एपॉइंटमेंट की व्यवस्था करने के लिए आपसे संपर्क कर सकता/सकती है। |
| मिडवाइफ<br>(08) 6458 2128 | हरेक पारी में एक मिडवाइफ आपकी देखभाल करेगी, और जहाँ संभव हो, आपके घर वापिस जाने तक वही मिडवाइफ हरेक दिन आपकी देखभाल करेगी। |
| डॉक्टर<br>(08) 6458 2128 | एक से अधिक डॉक्टर आपकी देखभाल में शामिल होंगे। उनकी जिम्मेदारियों में चिकित्सीय देखभाल प्रदान करना और आपकी हानि के संभावित कारणों के बारे में चर्चा करना शामिल है। |
| धार्मिक अवधान टीम<br>(08) 6458 1036<br>(08) 6458 1726<br>पेज 1294 | यह टीम आपके और आपके परिवार की आध्यात्मिक और धार्मिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता दे सकती है, जिसमें आपके शिशु के लिए उपयुक्त रीति-रिवाज अभिव्यक्ति प्रदान करना भी शामिल है। |
| सामाजिक कार्यकर्ता<br>(08) 6458 2777 | सामाजिक कार्यकर्ता शोक प्रक्रिया और अंतिम संस्कार में भावनात्मक समर्थन और जानकारी प्रदान कर सकता है, तथा आवश्यकतानुसार समर्थन सेवाओं व संसाधनों से संपर्क करने में सहायता दे सकता है। |
| मनोविज्ञानी चिकित्सा<br>(08) 6458 1521 | नैदानिक मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सक आपके शिशु की मृत्यु की घटना के साथ समायोजन करने के लिए आपको भावनात्मक समर्थन और कार्यप्रथाएँ उपलब्ध करा सकते हैं। |
| आनुवांशिकी सेवाएँ<br>(08) 6458 1525 | यह टीम किसी आनुवांशिक रोग के निदान के बाद जानकारी, सलाह और समर्थन प्रदान करती है, जिसमें भविष्य में गर्भधारण के लिए निहितार्थ भी शामिल हैं। |
| प्रसवकालीन रोगविज्ञानी<br>(08) 6458 2730 | Perinatal Pathology कर्मी आपके शिशु के शरीर की देखभाल करेंगे और निवेदन किए जाने पर आपके शिशु की अतिरिक्त यादगारें प्रदान करेंगे। यदि आपकी सहमति हो, तो वे पोस्ट-मॉर्टम जाँच करके अनुवर्ती जानकारी प्रदान करेंगे। |

## जानकारी और संसाधन

### शोक पैक
इसे आप अपने पास रख सकती हैं। इसमें महत्वपूर्ण जानकारी और यादगारों के लिए एक स्मृति-पुस्तक शामिल है।

### आरंभिक गर्भहानि को मान्यता देना
यदि आपके शिशु की गर्भस्थ आयु 20 सप्ताह से कम है, तो जन्म, मृत्यु और विवाह (Births, Death & Marriages) ऐसे शिशुओं के लिए एक मान्यता प्रमाण-पत्र प्रदान करता है, जिनका पंजीकरण जन्म, मृत्यु और विवाह पंजीकरण अधिनियम (1998) [Births, Deaths and Marriages Registration Act (1998)] के तहत औपचारिक रूप से नहीं हो सकता है। मान्यता प्रमाण-पत्र जन्म का पंजीकरण नहीं होता है।

### पंजीकरण दस्तावेज
यदि आपके शिशु की गर्भस्थ आयु 20 सप्ताह से अधिक है, तो आपको जन्म, मृत्यु और विवाह रजिस्ट्री (Registry of Births, Deaths and Marriages) के साथ अपने शिशु को कानूनी रूप से पंजीकृत कराना होगा - शिशुजन्म के बाद फॉर्म दिए जाएँगे।

### सरकारी सहायता
आप Centrelink भुगतान के लिए पात्र हो सकती हैं। सामाजिक कार्यकर्ता आवश्यकतानुसार इन फॉर्मों में आपकी सहायता दे सकता है।

### पोस्ट-मॉर्टम जाँच
आपको अपने शिशु की पोस्ट-मॉर्टम जाँच कराने के बारे में सोचने के लिए कहा जा सकता है। डॉक्टर या मिडवाइफ/नर्स इसके लाभों के बारे में आपके साथ चर्चा करेंगे। पोस्ट-मॉर्टम समन्वयक आपके साथ आगे के प्रश्नों पर चर्चा करने के लिए उपलब्ध है।

### अंतिम संस्कार की व्यवस्था
चैपलेन या धार्मिक अवधान प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता अंतिम संस्कार की व्यवस्था के लिए जानकारी प्रदान कर सकते हैं और विकल्पों के बारे में चर्चा कर सकते हैं।

## अस्पताल छोड़कर जाना

यदि किसी चिकित्सीय कारण की वजह से आपको अस्पताल में रहने की आवश्यकता न हो, तो आप जल्दी से जल्दी अपने घर जा सकती हैं।

यदि आवश्यक हो, तो अस्पताल से एक मिडवाइफ आपसे मिलने के लिए आपके घर पर आ सकती है। आपको अपने जीपी/ऑब्सटेट्रिशियन/मिडवाइफ को शिशु-जन्म के छह सप्ताहों बाद, या आवश्यकतानुसार इससे पहले मिलना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपके स्वास्थ्य-लाभ में अच्छी प्रगति हो रही है।

### Perinatal Loss Clinic

King Edward Memorial Hospital के रोगियों के लिए Perinatal Loss Clinic स्थापित किया गया है, ताकि शिशु की मृत्यु होने के बाद आपको और आपके परिवार को जानकारी और लगातार समर्थन प्रदान किया जा सके।

इस टीम में एक ऑब्सटेट्रिशियन (प्रसूति-विशेषज्ञ), मिडवाइफ, बाल-रोग विशेषज्ञ, धार्मिक अवधान प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रसवकालीन रोग-विशेषज्ञ और मनोवैज्ञानिक शामिल हैं।

और अधिक जानकारी के लिए Perinatal Loss Clinic के मिडवाइफ समन्वयक से संपर्क किया जा सकता है।

टेलीफोन: (08) 6458 2222 पेज 3430
या (08) 6458 2128

मोबाइल: 0416 019 020

**Women and Newborn Health Service**
King Edward Memorial Hospital
374 Bagot Road, Subiaco WA 6008
टेलीफोन: (08) 6458 2222
kemh.health.wa.gov.au

This document can be made available in alternative formats on request.

© North Metropolitan Health Service 2021

WNHS 0101_1189_0621